वर्ष- 3 , अंक- 36
छपरा
25 दिसंबर बुधवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक
# खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## हिमाचल के आईजी की उम्रकैद की सजा सस्पेंड
### हाईकोर्ट ने बेल दी



**शिमला,एजेंसी।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के चर्चित गुड़िया रेप-मर्डर के आरोपी की पुलिस कस्टडी में हत्या मामले में IG सैयद जहूर हैदर जैदी की उम्रकैद सजा सस्पेंड कर दी है। हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत भी दे दी है। सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई के दौरान की सजा को निलंबित किया गया। जस्टिस अनूप चितकारा की बैंच ने यह आदेश जैदी की ओर से दायर याचिका की सुनवाई के दौरान दिए। कोर्ट में दलील दी गई कि कस्टोडियल डेथ के समय जहूर एच जैदी वहां मौजूद नहीं थे। इससे पहले चंडीगढ़ की CBI कोर्ट ने इसी साल 18 जनवरी को आईजी समेत 8 पुलिस कर्मियों को दोषी करार दिया था।

## बेंगलुरु में प्रपोजल ठुकराने पर युवती से छेड़छाड़-मारपीट,आरोपी ने शरीर दबोचा

**बेंगलुरु,एजेंसी।** कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित ज्ञानज्योतिनगर में प्रपोजल ठुकराने पर एक पेइंग गेस्ट (PG) के बाहर 21 साल युवती से छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 22 दिसंबर को दोपहर करीब 3:20 बजे की है। पूरी घटना पास लगे CCTV कैमरे में कैद हुई है। वीडियो फुटेज में दिखा कि एक युवती स्कूटी पर बैठी है। दूसरी युवती स्कूटी के पास खड़ी है। इसी दौरान आरोपी काले रंग की कार से वहां पहुंचता है और बीच रास्ते पर गाड़ी खड़ी कर देता है। फिर स्कूटी के पास खड़ी युवती के पास जाकर उसे दोनों हाथों से दबोच लेता है। आरोपी युवती के साथ अश्लील हरकतें करने लगता है। उसके कपड़े फाड़ने की कोशिश करता है। वह युवती के सिर, पीठ और गर्दन पर कई बार हमला भी करता है। युवती खुद को बचाने के लिए चीखती-चिल्लाती है, लेकिन मौके पर मौजूद 2 से 3 लोगों में कोई उसकी मदद नहीं करता है।

## रक्षा मंत्री ने जारी की बीआरओ की मार्गदर्शिका, सड़कों के निर्माण में करेगी मदद



**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश की सीमाओं पर सड़कों का जाल बिछाने और रक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की ओर से तैयार की गई विशेष मार्गदर्शिका जारी की। यह मार्गदर्शिका सड़कों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए एक मानक दस्तावेज के रूप में काम करेगी। अक्सर अधूरी योजना या खराब रिपोर्ट की वजह से सड़क परियोजनाओं के बजट और समय में बढ़ोतरी हो जाती है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह नई मार्गदर्शिका इंजीनियरों को बेहतर डिजाइन, निर्माण के तरीके और लागत विश्लेषण में मदद करेगी। इससे दुर्गम इलाकों में बनने वाली सड़कों की गुणवत्ता सुधरेगी और काम समय पर पूरा होगा। यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास और रणनीतिक कनेक्टिविटी के लिए गेम-चेंजर साबित होगी।

# इसरो ने 6100 किलोग्राम का अमेरिकी सैटेलाइट लॉन्च किया

● भारत से भेजा गया यह सबसे भारी उपग्रह ● धरती पर कहीं से भी वीडियो कॉल कर सकेंगे





**श्रीहरिकोटा,एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (ISRO) ने बुधवार सुबह LVM3-M6 रॉकेट से अमेरिकी सैटेलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 लॉन्च किया। 6,100 किलोग्राम वजनी ब्लूबर्ड, भारत से लॉन्च किया गया अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट है। इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने इसे देश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। इससे पहले, नवंबर में लॉन्च किया गया LVM3-M5 कम्युनिकेशन सैटेलाइट-03 करीब 4,400 किलोग्राम का था। इसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (GTO) में स्थापित किया गया था।

ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को जिस LVM3-M6 रॉकेट से लॉन्च किया गया, उसका वजन 640 टन है। यह भारत का सबसे भारी लॉन्च व्हीकल है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नेक्स्ट-जेन कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जिसका मकसद सामान्य स्मार्टफोन तक सीधे हाई-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना है।

इसके जरिए धरती पर कहीं से भी बिना टावर 4G और 5G वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) और अमेरिका स्थित AST स्पेसमोबाइल (AST एंड साइंस, LLC) के बीच हुए एक कॉमर्शियल समझौते का हिस्सा है। न्यूस्पेस इंडिया, ISRO का कॉमर्शियल ब्रांच है।

### लॉन्चिंग के 15 मिनट के बाद रॉकेट से अलग हुआ सैटेलाइट

इसरो के मुताबिक, करीब 43.5 मीटर ऊंचा LVM3-M6 रॉकेट बुधवार सुबह 8:54 बजे श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से रवाना हुआ। लगभग 15 मिनट की उड़ान के बाद ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट रॉकेट से अलग हुआ और करीब 520km ऊपर अंतरिक्ष के लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) में उसे सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। रॉकेट को 90 सेकंड देरी से, सुबह 8:55:30 लॉन्च किया गया था। इसे पहले सुबह 8:54 बजे लॉन्च किया जाना था। इसरो के अनुसार, श्रीहरिकोटा के स्पेस एरिया के ऊपर हजारों एक्टिव सैटेलाइट लगातार गुजर रहे थे।

### कांकेर धर्मांतरण बवाल...सर्व-समाज का छत्तीसगढ़ बंद

# महिला का घर तोड़ा,रायपुर में बजरंग-दल कार्यकर्ता ने ब्लिंकिट कर्मी को पीटा

● रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर में स्कूल-दुकानें बंद; लाठी-डंडे लेकर सड़कों पर उतरे हिंदू संगठन, शराब दुकानें भी कराई गईं बंद




**रायपुर,एजेंसी।** कांकेर जिले के अमाबेड़ा में हुई हिंसा और कथित धर्म परिवर्तन के विरोध में कई सामाजिक संगठनों ने आज छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है। बंद का असर अभी से दिखने लगा है। रायपुर, दुर्ग और जगदलपुर में स्कूल, दुकानें और कई कमर्शियल प्रतिष्ठान सुबह से बंद हैं। वहीं MCB जिले में बंद बेअसर रहा।

रायपुर में हिंदू संगठनों के सदस्य, चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के साथ मिलकर बंद करवा रहे हैं। हिंदू संगठन के लोग लाठी-डंडे लेकर सड़क पर उतरे हैं। लोगों से अपनी दुकानें बंद रखने की अपील कर रहे हैं। जगदलपुर, अंबिकापुर, दुर्ग और बिलासपुर में भी सुबह से सभी कमर्शियल प्रतिष्ठान और दुकानें बंद हैं।

इस बंद को RSS, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और राज्य के कई व्यापारिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों का समर्थन मिला है। बाजार, दुकानें और प्राइवेट संस्थान बंद हैं, जबकि अस्पताल, मेडिकल स्टोर और इमरजेंसी सेवाएं खुली हैं। वहीं धमतरी में भी लोगों ने शराब की दुकानें बंद कर दी।

**कांकेर के आमाबेड़ा में बवाल, हिंदू संगठनों ने तोड़ा महिला का घर :** कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में धर्मांतरण को लेकर एक बार फिर विवाद की स्थिति सामने आई है। गांव में कथित रूप से धर्मांतरित महिला को लेकर तनाव बढ़ गया। ग्रामीणों ने महिला का घर तोड़ दिया।

बताया जा रहा है कि महिला हिंदू धर्म में वापस आने को तैयार नहीं है। इसी बात को लेकर गांव वालों में आक्रोश फैल गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने महिला का विरोध किया, जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया है। प्रशासन की नजर पूरे घटनाक्रम पर बनी हुई है।

### भारत हमेशा श्रीलंका के साथ खड़ा मिलेगा...

# पीएम मोदी ने दिसानायके को लिखा पत्र; मदद का आश्वासन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने चक्रवात दित्वाह के बाद भारत की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मिलकर श्रीलंका में जीवन को फिर से पटरी पर लाने और देश को मजबूत बनाने में सहयोग करेगा। उन्होंने चक्रवात प्रभावित श्रीलंका की मदद के चलाए गए भारत के ऑपरेशन सागर बंधु की भी सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राहत सामग्री, आपातकालीन सामान और खोज व बचाव कार्यों में जुटे भारतीय दलों ने चिकित्सा आपात स्थितियों से निपटने और संपर्क व संचार व्यवस्था बहाल करने में श्रीलंका की मदद की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र में लिखा कि पड़ोसी पहले नीति और पहले प्रतिक्रिया देने की प्रतिबद्धता के तहत भारत ने ऑपरेशन सागर बंधु शुरू किया। इसके तहत भारतीय जहाजों, विमानों और हेलिकॉप्टर्स से राहत सामग्री और जरूरी सामान



पहुंचाया गया। भारतीय दलों ने खोज और बचाव कार्यों में सहयोग किया और चिकित्सा आपात स्थितियों व महत्वपूर्ण संचार व्यवस्था को बहाल करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने श्रीलंका में कई लोगों की मदद की और इसे भारत-श्रीलंका के गहरे संबंधों का प्रतीक माना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि अब जब श्रीलंका पुनर्निर्माण के अगले चरण की ओर बढ़ रहा है, तो भारत एक भरोसेमंद साझेदार और सच्चे मित्र के रूप में हरसंभव सहायता देगा। उन्होंने कहा कि पहले की तरह भारत श्रीलंका के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा और देश को फिर से मजबूत बनाने में सहयोग करेगा।

# भाई का आरोप- हादी की हत्या युनुस सरकार ने करवाई

### ऐसा चुनाव रोकने के लिए किया बांग्लादेश में 2 महीने में इलेक्शन होने हैं

**ढाका,एजेंसी।** भारत और शेख हसीना विरोधी बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी की हत्या के मामले में उनके भाई शरीफ उमर हादी ने यूनुस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उमर हादी ने कहा कि सरकार के अंदर कुछ ताकतें ही उस्मान हादी की हत्या के पीछे है। वो आने वाले राष्ट्रीय चुनाव को पटरी से उतारना चाहते हैं।

उमर ने यह आरोप मंगलवार को शाहबाग में आयोजित इंकलाब मंच के शहीदी शपथ कार्यक्रम में लगाए। उमर हादी ने यूनुस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ÷तुम्ही लोगों ने उस्मान हादी को मरवाया है। अब इस मुद्दे को इस्तेमाल करके चुनाव को रोकने की कोशिश कर रहे हो। हादी को 12 दिसंबर को ढाका में गोली मार



दी गई थी, जिसके बाद सिंगापुर में इलाज के दौरान 18 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। इससे पहले सियासी गहमागहमी तेज हो गई है।

**हादी के भाई बोले- हत्यारों पर मुकदमा चलाया जाए :** उमर ने बताया कि हादी चाहते थे कि फरवरी तक चुनाव हो जाए। हादी ने अधिकारियों से चुनावी माहौल को खराब न करने का आग्रह भी किया था।

उमर ने आगे कहा, ÷हत्यारों पर जल्द से जल्द मुकदमा चलाया जाना चाहिए, जिससे चुनावी माहौल प्रभावित न हो। सरकार ने अब तक हमें कोई ठोस प्रगति नहीं दिखाई है। अगर उस्मान हादी को न्याय नहीं मिला, तो एक दिन आपको भी बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ेगा।

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ विनोद शुक्ल को अंतिम विदाई

# बेटे ने दी मुखाग्नि, सीएम ने कांधा दिया अंतिम यात्रा में विश्वास भी शामिल हुए

**रायपुर,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कवि, कथाकार और उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल का 88 वर्ष की आयु में मंगलवार शाम निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रायपुर के मारवाड़ी श्मशान घाट में हुआ। बेटे शाश्वत ने उन्हें मुखाग्नि दी, जबकि मुख्यमंत्री साय ने पार्थिव शरीर को कांधा दिया। अंतिम यात्रा में कुमार विश्वास भी शामिल हुए। गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई।



बता दें कि शुक्ल को एक महीने पहले ही भारत के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाजा गया था। वे पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज एम्स रायपुर में चल रहा था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विनोद कुमार शुक्ल के निधन पर दुख जताया और कहा कि ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल जी का निधन अत्यंत दुःखद है। हिन्दी साहित्य में उनके अमूल्य योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

# गडकरी बोले: देश में हिंदू-मुस्लिम समस्या के लिए कांग्रेस जिम्मेदार

### सेक्युलरिज्म की गलत व्याख्या की; इसका अर्थ धर्मनिरपेक्षता नहीं, सर्व धर्म समभाव है

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा, देश में आज भी जो हिंदू-मुस्लिम से जुड़ी समस्याएं दिखती हैं, उनकी वजह कांग्रेस की सेक्युलरिज्म की सोच और वोट बैंक की राजनीति है। कांग्रेस ने सेक्युलरिज्म की गलत व्याख्या की। गडकरी के मुताबिक, सेक्युलर का अर्थ धर्मनिरपेक्षता या किसी एक वर्ग का तुष्टिकरण करना नहीं है। इसका सही मतलब सर्व धर्म समभाव होता है, यानी सभी धर्मों को समान सम्मान और सबको न्याय और सभी के साथ




बराबरी का व्यवहार करना है।

गडकरी दिल्ली में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी की किताब सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भी मौजूद थे।

- ● पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बयान को दोहराते हुए कहा कि भारत पहले भी सेक्युलर था, आज भी है और हमेशा रहेगा। यह बीजेपी-ऋस्स की वजह से नहीं, बल्कि भारतीय, हिंदू और सनातन संस्कृति की वजह से है, जो विश्व का कल्याण सिखाती है।
- ● भारतीय संस्कृति सहिष्णु, करुणामय और सभी को साथ लेकर चलने वाली है और इतिहास में किसी हिंदू राजा द्वारा धार्मिक स्थलों को नष्ट करने का उदाहरण नहीं मिलता।

### 5500 करोड़ की इंडस्ट्री पर संकट:

# केंद्र ने न्यूजीलैंड के सेब पर इम्पोर्ट ड्यूटी घटाई,50 से 25प्रतिशत की

**शिमला,एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच सोमवार को हुए फ्री ट्रेड डील (स्नञ्) ने हिमाचल प्रदेश के 5500 करोड़ रुपए के सेब उद्योग को संकट में डाल दिया है। इस समझौते ने हिमाचल समेत उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर के सेब बागवानों की चिंताएं बढ़ा दी है। न्यूजीलैंड के सेब पर अब 50 प्रतिशत के बजाय मात्र 25 प्रतिशत इम्पोर्ट ड्यूटी लगेगी। ड्यूटी कम होने से न्यूजीलैंड से भारत को सेब का आयात बढ़ेगा।

इससे, हिमाचल व देश में पैदा होने वाले सेब के अच्छे रेट नहीं मिलेंगे। इस करार के बाद हिमाचल प्रदेश के तीन लाख से ज्यादा बागवान परिवार ठगा सा महसूस कर रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री बनने से पहले नरेंद्र मोदी ने सुजानपुर रैली में सेब पर इम्पोर्ट ड्यूटी 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का वादा किया था। मोदी द्वारा इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाने का वादा तो पूरा नहीं हुआ,लेकिन ड्यूटी कम जरूर कर



दी गई। इस करार के मुताबिक, 1 अप्रैल से 31 अगस्त के बीच की अवधि में ही इम्पोर्ट ड्यूटी कम की गई है। ऐसे में हिमाचल का सेब मार्केट में आने से पहले ही न्यूजीलैंड के सस्ते सेब की वजह से बाजार गिरने का डर बागवानों का सताना शुरू हो गया है।

### सेब पर इम्पोर्ट ड्यूटी कम नहीं बढ़ाने की जरूरत: सोहन

सेब उत्पादक संघ के अध्यक्ष सोहन ठाकुर कहा- देश की एपल इंडस्ट्री को बचाने के लिए इम्पोर्ट ड्यूटी 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 फीसदी करनी चाहिए, ताकि वे सस्ते आयातित सेब से प्रतिस्पर्धा कर सकें। मगर भारत सरकार उल्टा शुल्क कम कर रही है।

### हिमाचल के बागवानों पर पड़ेगी ज्यादा मार: दीपक

स्टोन फरूट एसोसिएशन के अध्यक्ष और सेब बागवान दीपक सिंघा ने बताया- भारत-न्यूजीलैंड के बीच हुए करार के बाद देश में सेब का आयात बढ़ेगा। इसका सीधा असर कीमत पर पड़ेगा। उन्होंने कहा- यह कहना गलत है कि अप्रैल से अगस्त के बीच हिमाचल का सेब बाजार में नहीं आता, जबकि हिमाचल का सेब जून में मार्केट में आ जाता है और अगस्त में सेब सीजन पीक पर होता है। इस फैसले की सबसे ज्यादा मार हिमाचल के सेब बागवानों पर पड़ने वाली है।

### .......सत्ता का खेल तो चलेगा। सरकारें आएंगी, जाएंगी, पार्टियां बनेगी, बिगड़ेगी, मगर यह देश रहेगा। इस देश का लोकतंत्र अमर रहेगा।.........

**पिपराकलां (बलिया)** स्थित अन्नू बाबा फाउंडेशन के अध्यक्ष, कैप्टन सोहन सिंह ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी की वैचारिक दृढ़ता, शब्दों की मर्यादा और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की भावना का अनुसरण करके ही भारतवर्ष को उच्चतम मानबिंदु तक ले जाने में सफल होंगे। बलिया के कुँवर सिंह डिग्री कॉलेज में अर्थशास्त्र के सह-प्रवक्ता, प्रवीण प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी दूरदर्शिता दिखाते हुए भारत की आर्थिक प्रगति को नई दिशा दी, उनके निर्देशानुसार परिचालित, गोल्डन क्वाड्रिलैटरल परियोजना ने देश के चारों प्रमुख महानगरों को जोड़ा और व्यापार, उद्योग व निवेश को गति दी। दहियावां टोला, छपरा के रत्नेश कुमार सिंह ने कहा कि अटलजी ने अपनी पार्टी के साथ विपक्ष के नेताओं को भी अपने व्यक्तित्व से प्रभावित किया था और भारत को परमाणु-शक्ति से सम्पन्न करके दुनिया को भारत की शक्ति का परिचय दिया था।

### निजामचक में महान गायक मोहम्मद रफ़ी की मनायीं गयी 101वीं जयंती

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** महान गायक मोहम्मद रफ़ी की 101वीं जयंती बुधवार क़ो मनायीं गयी। इनका जन्म 24 दिसंबर 1924 को हुआ था। अमृतसर के कोटला सुल्तान सिंह में हुआ था। वे अपनी सुरीली, बहुमुखी आवाज़ के लिए जाने जाते हैं, जिसने दशकों तक भारतीय सिनेमा को अपनी धुन से सराबोर किए उनके याद में एक शाम रफी के नाम के अवसर पर सोनपुर अनुमंडल के निजामचक में कलाकार एकता संगठन के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसका शुभ्भारंभ सोनपुर के विधायक विनय कुमार सिंह, पर मुखिया तृप्तीनाथ सिंह, संगठन के अध्यक्ष संजय राय, कुरैया पंचायत मुखिया जमीर अंसारी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । कार्यक्रम में मंच का संचालन गायक हीरा जी व शिक्षक रविरंजन ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुम्भारंभ कलकत्ता से आए सुनिल कुमार शर्मा ने ÷तुझको पुकारे मेरा प्यार गीत ÷ गाकर शुरू किया। उसके बाद बरियक नयागाँव के कुमार साश्वत ने तबला पर सोलो वादन प्रस्तुत किया जिसके साथ लहलादचक के शिक्षक सह गायक रविरंजन ने हारामोनियम पर संगत किया । सोलो वादन पर छोटे कलाकार ने खुब तालिया बटोरी । रफी साहब के चाहने वाले कलाकरों में अभय प्रकाश सिंह ने देशभक्ति गीत वतन पे जो फिदा होंगे ,जबकि प्रदुम्मन , संतोष यादव हासिलपुर बरियार चक, विनोद कुमार , सचिन कुमार, सलिम जी , संजय जी ,गायक हीरा साह द्वारा रफी साहब के चर्चित गीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर उपस्थित रहे जन सुराज पार्टी डॉ चंदन लाल मेहता, देवनाथ महतो श्याम सुंदर शर्मा रवि रंजन चंद्रवंशी मोहन शाह, संतोष राय हीरा साह,अशोक कुमार विद्यार्थी सहित अन्य सदस्य गण मौजूद रहे।

### भारत माला परियोजना के निर्माण में भू अर्जन को लेकर खरिया डीह शिकारपुर में लगायी गयी शिविर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सारण जिलान्तर्गत विभिन्न सड़क मार्ग निर्माण परियोजनाओं के लिये भू-अर्जन की प्रक्रिया के तहत भूधारी रैयतों से ली गयी भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के उद्देय से जिलाधिकारी के निदेशानुसार सोनपुर अंचल के 139 डब्लू भारतमाला परियोजना के तहत (बाकरपुर से मानिकपुर ) तक 6 लैन सड़क मार्ग के निर्माण के लिए शिकारपुर के खारियाडीह प्राथमिक विद्यालय में बुधवार क़ो विशेष शिविर लगाकर अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार,सोनपुर सीओ राज कुमार, राजस्व अधिकारी संजीव कुमार के मौजूदगी में राजस्व कर्मी ललन कुमार चंद्रदीप कुमार, अमीन अशोक कुमार ने सरकार द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि से संबंधित कागजात रैयतो से लिया। जिन भूस्वामी द्वारा वाउचर के साथ भूमि से संबंधित कागजात में टूटी पाई गई है उन्हें कार्यालय में अगले दिन आकर जमा करने की निर्देश सोनपुर सीओ ने दी। इस बात की जानकारी देते हुए सीओ राजकुमार ने बताया कि लगाई गई विशेष शिविर में भू स्वामी द्वारा भूमि से संबंधित कागजात के साथ पांच वाउचर उपलब्ध कराया जबकि 15 भू स्वामी ने भूमि से संबंधित कागजात जमा किया है। उन्होंने यह भी बताया कि जेपी सेतु के समानांतर 6 लैन दीघा पुल का निर्माण के लिए सोनपुर अंचल के मौजा गंगाजल के अधिन भूमि के लिए रैयतो से कागजात लेनी है।इसके लिए मध्य विद्यालय, जहांगीरपुर में 26 दिसंबर 2025 क़ो 11 से 4 बजे तक रैयतो द्वारा दिए गए कागजात को एकत्रित करना है।

# स्मृतिशेष : भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर विशेष

विवेकानंद सिंह।

**दैनिक खोज ख़बर, छपरा (बिहार)/बलिया** - आज, 25 दिसंबर, 2025 को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती है, जिसे संपूर्ण पूरे देश में %सुशासन दिवस% के रूप में मनाया जा रहा है। वाजपेयीजी का जन्म 25 दिसंबर, 1924 को सेंट्रल प्रोविंसेस (अब मध्य प्रदेश) के ग्वालियर स्थित शिन्दे की छावनी में हुआ था। आपकी माता का नाम कृष्णा देवी था और आपके पिता पण्डित कृष्ण बिहारी वाजपेयी, यूनाइटेड प्रोविन्स ऑफ आगरा एण्ड अवध (अब उत्तर प्रदेश) के आगरा के बटेश्वर के निवासी थे। अटलजी ने ग्वालियर के विक्टोरिया कॉलेज (अब लक्ष्मीबाई कॉलेज) से बीए किया और कानपुर के डीएवी कॉलेज से राजनीतिशास्त्र में एमए की डिग्री हासिल की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक नारायण राव तरटे (या भूदेव शास्त्री) ने ग्वालियर में 16 वर्षीय अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में शामिल किया, कालांतर में अटलजी को संघ परिवार की मासिक पत्रिका, राष्ट्रधर्म और हिंदी साप्ताहिक पाञ्चजन्य के अलावा दैनिक समाचारपत्र स्वदेश और वीर अर्जुन का संपादक बनाया गया। सर्वविदित है कि स्वतंत्र भारत में



प्रथम लोकसभा का चुनाव 1951-52 में हुआ था, जिसमें अखिल भारतीय जनसंघ के तीन प्रत्याशी विजयी हुए थे। इस पार्टी का गठन नई दिल्ली के राघोमल आर्य कन्या उच्च विद्यालय (अब कन्या माध्यमिक विद्यालय) में 21 अक्टूबर, 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में हुई थी, जिसमें बलराज मधोक एवं दीनदयाल उपाध्याय भी प्रमुख संस्थापक थे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अटलजी को जनसंघ पार्टी के नेता, डॉ. मुखर्जी के साथ लगा दिया, अटलजी उन दिनों दिल्ली स्थित उत्तरी क्षेत्र के पार्टी मामलों के प्रभारी राष्ट्रीय सचिव थे। अतः 1952 के आम चुनाव में उन्हें चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिल सका, लेकिन लखनऊ की कांग्रेसी सांसद, विजय लक्ष्मी पंडित ने 1954 में लोकसभा से त्यागपत्र दे दिया, क्योंकि उन्हें यूनाइटेड किंगडम में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त कर दिया गया था। लिहाज़ा 1955 में लखनऊ लोकसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में अटलजी ने जनसंघ की ओर से अपना परचा भरा, लेकिन वह तीसरे स्थान पर रहे, इस उपचुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी, शिवराजवती नेहरू की जीत हुई थी। लेकिन 1957 के आमचुनाव में अटलजी ने बलरामपुर सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी, बैरिस्टर हैदर हुसैन को हराकर सदन में पहुंचे और फिर कभी लोकसभा तो कभी राज्यसभा के लिए चुनकर सदन में पहुंचते रहे, वह पहली बार 1996 में प्रधानमंत्री बने, लेकिन यह कार्यकाल मात्र 13 दिनों का था, उसके बाद 1998 से 1999 और फिर 1999 से 2004 तक पूर्णकालिक कार्यकाल तक अपने पद पर रहे। अटलजी पूर्ण कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे। 28 मई, 1996 को सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर चले दो दिवसीय वाद-विवाद के बाद प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र देने से पूर्व अटलजी ने सदन में अपने ऊपर लगाए गए आरोपों का खंडन करते हुए, जो बात कही, वह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा, उन्होंने अन्य बातों के साथ ही निम्नलिखित बात भी कही, जो स्वहित और राष्ट्रहित के अंतर को स्पष्ट करती है ।

### घने कोहरे के कारण 03 जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन रद्द



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** लगातार बढ़ रहे धने कोहरे के कारण संरक्षित रेल परिचालन को सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से निम्नलिखित 03 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन निम्नानुसार रद्द किया जा रहा है -उक्त बात के जनकारी देते हुए सरस्वती चन्द्र मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बुधवार के शाम बताया कि

1- गाड़ी सं. 55122 सिवान-समस्तीपुर पैसेंजर - 26.12.2025 से 01.02.2026 तक
2. गाड़ी सं. 55121 समस्तीपुर-सिवान पैसेंजर - 26.12.2025 से 01.02.2026 तक
3. गाड़ी सं. 65103 गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर पैसेंजर - 25.12.2025 से 31.01.2026 तक
4. गाड़ी सं. 65104 दिलदारनगर-गाजीपुर सिटी पैसेंजर - 25.12.2025 से 31.01.2026 तक
5. गाड़ी सं. 55098 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज पैसेंजर - 25.12.2025 से 31.01.2026 तक
6. गाड़ी सं. 55097 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज पैसेंजर - 26.12.2025 से 01.02.2026 तक परिचालन बंद रहेगा।

### शक्तिपीठ मां अंबिका भवानी परिसर में आग लगने से कई दुकान व समान जलकर हुआ नष्ट, अधिकारियों ने लिया जायजा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र के दिघवारा थाना क्षेत्र के आमी स्थित शक्तिपीठ मां अंबिका भवानी मंदिर परिसर में अचानक बुधवार की सुबह 3¬30 के करीब आग लगने के कारण 3 गैस सिलेंडर व एक दर्जन से अधिक दुकानों में रखे सभी समान जलकर नष्ट हो गया। उक्त बात की जानकारी देते हुए अग्निशमन विभाग के अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि गंगा घाट जाने वाले रास्ते में फूल, खिलौना, प्रसाद,चुंदरी सहित अन्य सामानों की दुकान में आग लगी। आग लगने से तीन सिलेंडर एवं कई दुकान व उसमे रखे सभी सामान जलकर नष्ट हो गए हैं.आग लगते ही आसपास के लोगों में हाहाकार मच गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही सोनपुर, दिघवारा, दरियापुर के अग्निशमन विभाग के टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर तो काबू पा लिया लेकिन समान जलकर नस्ट हों गया। शक्तिपीठ मां अंबिका भवानी की कृपा से किसी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है.इस घटना के जनकारी मिलते ही सोनपुर प्रशासन, दिघवारा प्रशासन व दिघवारा पुलिस घटना स्थल पर पहुँच कर आग लगने के कारण का पता लगाने में जुट गई है। आग कैसे लगी इसकी पूर्ण जनकारी नहीं मिली है। सूत्रों से मिली जनकारी के मुताबिक, मंदिर परिसर से गंगा घाट जाने वाले रास्ते में देर रात कुछ लोगों ने कूड़ा जलाया होगा । आशंका है कि इसी जलते कूड़े से निकली चिंगारी पास की प्रसाद की दुकान तक पहुंची होंगी और आग फैल गई। सभी दुकानें झोपड़ीनुमा होने के कारण आग तेजी से फैली। गनीमत रही कि घटना के समय दुकानें बंद थीं, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई तो वही कुछ लोग बिजली के शर्ट सर्किट से आग लगने की बात कर रहे थे। मां अंबिका भवानी के दरबार के सामने सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह का घर अवस्थित है। विधायक विनय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार के सुबह लगी आग क़ो बुझाने के लिए आसपास के लोगों व अग्निशमन के टीम के प्रयास से आग पर तो काबू पा लिया गया.लेकिन सभी दुकान व उनमे रखे सामान जलकर नष्ट हो गया है। दुकान में लगी आग से हुई क्षति के पूर्ति के लिए विधायक ने प्रशासन से हर संभव मदद करने व सरकार से मिलने वाली मुआवजा की मांग की है। वहीं स्थानीय लोगों ने भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए ठोस व्यवस्था और सतर्कता बढ़ाने की प्रशासन से मांग की।



#### अगलगी के घटना पर सारण डीएम व एस एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

प्राचीन शक्तिपीठ मां अंबिका भवानी दिघवारा प्रखंड के आमी मंदिर के समीप दुकानों में हुई अगलगी की घटना के जनकारी मिलते ही जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने संयुक्त रूप से बुधवार क़ो स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पंचायत दिघवारा को दो दिनों के भीतर आमी मंदिर के आसपास जमा समस्त कूड़ा-कचरा हटवाने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत प्रतिदिन ठेला/ई-रिक्शा के माध्यम से नियमित रूप से कचरा हटाने का आदेश दिया गया। अंचलाधिकारी दिघवारा को अगलगी से हुई क्षतिग्रस्त दुकानों के दुकानदारों की सूची तैयार कर अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष दिघवारा को घटना की विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### शिक्षक हत्याकांड में एक और अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पहलेजा थाना क्षेत्र के खरीका गांव में एक शिक्षक को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जहाँ पुलिस ने एक अभियुक्त सुमन कुमार पिता-स्व0 सुरेन्द्र राय, साकिन-खिगहीं, थाना-डोरीगंज, जिला-सारण को गिरफ्तार किया कर लिया।पुलिस ने एक मोटरसाईकिल क़ो भी बरामद किया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए पहलेजा थाना अध्यक्ष अनुराधा कुमारी ने बुधवार को बताई की खरिका निवासी सनोज कुमार जो 21.11.25 को प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर से पढ़ा कर घर मोटरसाईकिल से जा रहा था. इसी दौरान घर के नजदीक पहले से धात लगाए हमलावरो ने गोली मारकर मौत की नींद सुला दिया था. और मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पहलेजा पुलिस ने इस घटना का सफल उद्भेदन करते हुए अब तक मुख्य आरोपी सहित कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है तथा शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है । इस कांड के मुख्य आरोपी साहिल कुमार उर्फ गोलू के साथ मिलकर सुमन कुमार ने जघन्य अपराध किया था। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को कल्याणपुर गंडक नदी के पास से पुलिस ने पूछताछ कर बरामद किया है ।



### मढ़ौरा में अतिक्रमण हटाने को लेकर कई जगहों पर चला बुलडोजर




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** एसडीओ के निर्देश पर तीन स्थानों पर नगर प्रशासन और अंचल के संयुक्त पहल से बुधवार को मुख्य बाजार के डाबरा नदी पुल से शिल्हौड़ी तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। वही भावलपुर और सलिमापुर बाजार पर भी अतिक्रमण हटाने की हुई कार्रवाई से हड़कंप का माहौल रहा। इस दौरान सड़क किनारे दुकानदारों और मकान मालिको द्वारा बनाई गई सिढ़ी और अन्य पक्का निर्माण को तोड़कर अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की गई। सलिमापुर बाजार की हुई कार्रवाई के तहत चौक पर पर फैली अवैध ढ़ंग से लगाई गई दूकानों को हटाया गया। ग्रामीण स्तर पर हुई इस कार्रवाई से दूकानदारों में हड़कंप का माहौल रहा वही ग्रामीण स्तर पर भी लोगों के बीच चर्चा तेज रही। इस संबंध में मौके पर मौजूद राजस्व अधिकारी सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य सड़क से अतिक्रमण हटाने का पूर्व से निर्देश प्राप्त था। नगर प्रशासन ने भी दुकानदारों से सड़क क्षेत्र का किए गए अतिक्रमण को हटा लेने का सूचना प्रसारित कराया गया था। निर्धारित अवधि तक अतिक्रमण नही हटाने पर कार्रवाई की गई है। बताया कि अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई चरणबद्ध तरिके से आगे भी जारी रखी जाएगी। अतिक्रमण हटाने के तहत डाबरा नदी पुल से दक्षिण की ओर दोनों सड़क किनारे से अतिक्रमण को मुक्त कराया गया है।



## विश्व हिंदू परिषद ने श्रद्धानंद बलिदान दिवस के अवसर पर सामूहिक पाठ का किया आयोजन- अरुण पुरोहित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस के अवसर पर 27 अगस्त शनिवार धर्मनाथ मंदिर में सुंदरकांड एवं विचार गोष्ठी आमसभा दोपहर 1ः00 बजे से विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार के अंतर्गत 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 10 दिवसीय श्रद्धानंद बलिदान दिवस के अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर कटरा खनुआ अस्पताल रोड एसडीएस पब्लिक स्कूल के सामने सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर विजय महामंत्र श्री राम जय राम जय जय राम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अरुण पुरोहित धर्म प्रसार जिला प्रमुख ने श्रद्धानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा के बचपन का नाम मुंशीराम विस का जन्म 22 फरवरी 1856 को हुआ था वे महान शिक्षाविद समाज सुधारक और आर्य समाज के प्रवर्तक थे। 1902 में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार की स्थापना वैदिक शिक्षा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया। दलित अछूत के उद्धार के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया । डॉ बी आर अंबेडकर ने अछूतों का सर्वोत्तम सच्चा हितैषी एवं महानतम व्यक्ति बताया था । उन्होंने उन लोगों को वापस सनातन धर्म में लाने के लिए शुद्धि आंदोलन चलाया जो किसी कारण बस धर्म परिवर्तन कर लिए थे ।वे स्वतंत्रता संग्राम में 1919 से 1922 तक राष्ट्रीय कांग्रेस में सक्रिय रहे थे ,1919 में जमा मस्जिद दिल्ली के पास विशाल जनसभा में अंग्रेजो की सेना से कडा मुकाबला लिया। शुद्धि आंदोलन के द्वारा लाखों लोगों को धर्म परिवर्तन गंगाजल का छिड़काव कर घर वापसी कराई। 23 दिसंबर 1926 को कट्टरपंथी मोहम्मद राशिद ने उनकी हत्या कर दी। विश्व हिंदू परिषद ने श्रद्धानंद के बलिदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 10 दिवसीय देशव्यापी कार्यक्रम चला रही है ।आज आर्य समाज कन्या विद्यालय में भी विचार गोष्ठी एवं हवन का कार्यक्रम किया गया । अरुण पुरोहित ने बताया आगामी 27 दिसंबर को छपरा के प्रसिद्ध धर्मनाथ मंदिर में 1ः00 बजे दिन से संध्या 4ः00 बजे तक सामूहिक सुंदर कांड पाठ एवं स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान पर विचार गोष्ठी आमसभा का आयोजन किया गया है आप समस्त छपरा वासी इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरुण कुमार सिंह पूर्व प्राचार्य बबन प्रसाद अरूण पुरोहित धर्म प्रचारक,विनोद कुमार सिंह सारण आईटीआई डायरेक्टर,पुजारी अवध बिहारी मिश्रा, अशोक कुमार मिश्रा, सुरेश प्रसाद ,मुन्ना प्रसाद सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## पिता की अर्थी सजते देख बेटी को सदमा, हृदयाघात से मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** पिता की तबियत बिगड़ने का समाचार सुनकर मायके पहुंची बेटी ने जब दरवाजे पर सज रही अर्थी को देखा तो सदमा बर्दाशत नही कर सकी और हार्टअटैक से उसकी भी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिनों से बीमार चल रहे मांझी प्रखंड के बलेसरा गांव निवासी व समाजसेवी 84 वर्षीय रामचंद्र सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। जिसके बाद इसकी जानकारी परिजनों ने सभी सगे-सम्बंधियों को दी गई। इसी क्रम में मृतक की बेटी चेंफुल गांव निवासी अखिलेश सिंह की पत्नी 55 वर्षीय मीना देवी को बताया गया कि उनके पिताजी की तबियत खराब है। उसके बाद वह अपने परिजन के साथ जब अपने मायके बलेसरा पहुंची तो लोगों की भीड़ व दरवाजे पर पिता की सज रही अर्थी को देखा तो हार्टअटैक आ गया। उसके बाद आनन-फानन में उन्हें ईलाज के लिए पहले दाउदपुर तथा उसके बाद एकमा में एक निजी नर्सिंग होम में ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पिता रामचंद्र सिंह के शव का अंतिम संस्कार मंगलवार को रिविलगंज सरयू नदी के सेमरिया घाट जबकि बेटी का दाह संस्कार बुधवार को मांझी के डूमाइगढ़ घाट पर किया गया। उक्त घटना के बाद दोनों हीं परिवार में मातम का माहौल है।

## डूबने से मृतक के आश्रित को सीओ ने सौंपा चेक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक अंचल कार्यालय परिसर में सीओ सुमंत कुमार ने डूबने से मृत हो जानें की घटना में बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से मुवाअजा का चेक सौंपा। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि जजौली गांव निवासी मिंटू कुमार पिता मदन राय की डूबने से मौत हो गई थी जिसमें मुवाअजे का चार लाख का चेक मृतक के आश्रित मां वंदना देवी को सौंपा गया।

## आंख की दवा नहीं मिलने पर मरीज और स्वास्थ्य कर्मी में जमकर बकझक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में इलाज के लिए आए मरीज और दवा काउंटर पर तैनात कर्मचारी के बीच दवा उपलब्ध नहीं कराने और बाहर से खरीदने की बोलने पर जमकर विवाद हो जानें का मामला सामने आया। दवा काउंटर स्टांप की दबंगई और मरीज के बीच जमकर विवाद में अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गई। बताया गया कि मरीज चरिहारा गांव निवासी रिषभ कुमार पिता अनिल सिंह और अवधेश सिंह पिता स्वर्गीय योगेंद्र सिंह ने चिकित्सक से आंख का इलाज कराया और जब दवा काउंटर पर दवा लेने गया तों काउंटर पर तैनात स्वास्थ्य कर्मचारी ने दवा नहीं होने की बात बताई और बाजार से खरीदने को बोला। मरीज ने परिसर में लगें दवा स्टोर स्टाक स्केनर पर चेक किया तों दवा की उपलब्धता 202 दिखाई गयी,जिस पर मरीज ने दवा काउंटर पर तैनात स्वास्थ्य से पूछने पर दबंगई से बोला गया कि इतना सरकारी अस्पताल में नहीं देखा जाता है,बाहर से मार्केट से खरीद लिजिए और दवा काउंटर कक्ष से बाहर निकल बकझक करने लगा। मरीज के परिजनों ने बताया कि जब दवा अस्पताल में स्टाक में दिख रहा है तों उसे मिलना चाहिए था। मरीज के परिजनों ने इसकी शिकायत स्वास्थ्य विभाग ने दर्ज कराई।

# सांसद खेल महोत्सव के अंतिम दिन कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित, सद्भावना दौड़ में सभी दौड़े

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के नेतृत्व में भारत सरकार के खेल मंत्रालय के तत्वधान में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के तीसरे व अंतिम दिन कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।इसके पहले सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया जिसमे महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के साथ बच्चे, बूढ़े युवा सभी दौड़े। यह दौड़ जलालपुर हाई स्कूल मैदान से महेंद्र मिश्र चौक तक आयोजित किया गया। इसमें हजारों स्कूली बच्चे भी शामिल हुए।बुधवार को खेल महोत्सव का शुभारंभ सांसद सिग्रीवाल, सारण जिला भाजपा पश्चिमी के जिला अध्यक्ष उमेश तिवारी, सी पी एस ग्रुप के हरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के बाद लोगों व



खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सांसद सिग्रीवाल ने कहा कि इस खेल महोत्सव का आयोजन का उद्देश्य छिपी खेल प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करना व युवाओं को स्वस्थ अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करना है।उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ रहें और सभी भारत के निर्माण में सहयोगी बने। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी ने संकल्प लिया है कि 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे तो हम उसमें बड़े सहयोगी की भूमिका इस खेल के मैदान के माध्यम से बन रहे हैं।उनके सार्थक समर्थन के साथ कार्य करने के लिए हम सभी तत्पर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए,भारत को विकसित भारत बनाने के लिए पूरा भारत एक है। हम प्रधानमंत्री जी की संकल्प को पूर्ण करेंगे और धरती पर उतारने का कार्य करेंगे।खेल प्रतिस्पर्धा मे पुरुषो के 100 मीटर दौड़ में मेरूआ सहाजितपुर के ऋतिक कुमार प्रथम,विशाल कुमार द्वितीय तथा चंदन कुमार यादव तृतीय वही जूनियर वर्ग के 100 मीटर में नीतीश कुमार प्रथम, इमाम आलम द्वितीय,पवन कुमार तृतीय महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में शिल्पी कुमारी धोबवाल को प्रथम,रेशमा खातून माधोपुर को द्वितीय तथा बनियापुर की नंदनी कुमारी तृतीय स्थान पर रही। 1000 मीटर की महिलाओं की दौड़ में सानिया प्रवीण प्रथम,दीपमाला कुमारी द्वितीय तथा नंदनी कुमारी तृतीय स्थान पर रही जबकि 1500 मीटर की दौड़ में पुरुषों में सोनू कुमार सिंह, प्रथम शशि कुमार यादव द्वितीय रितेश कुमार यादव तृतीय स्थान पर है।वही वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सकड्डी बसडिला की टीम चैंपियन बनी। उसने परासखान की टीम को 15-12 से पराजित कर दिया।वालीवाल प्रतियोगिता में सात टीमों ने भाग लिया।इसके पहले सीपीएस ग्रुप की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, इसे लोगों ने खूब सराहा। मौके पर अवध किशोर मिश्रा, भाजपा उपाध्यक्ष गुड्डू चौधरी,मोहम्मद मुस्तफा, जेपी सेनानी ललन देव तिवारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह, जदयू नेता मनोज मिश्रा,राज्य परिषद सदस्य प्रमोद सिग्रीवाल, सोशल मीडिया प्रभारी दीपू चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष कुश पांडेय, जिला खेल पदाधिकारी शमीम अंसारी,हैंडबॉल के स्टेट प्रशिक्षक संजय कुमार सिंह,एन आई एस एथलेटिक्स कोच संजय कुमार सिंह,कृष्ण मोहन सिंह, राहुल कुमार सिंह,सुजीत कुमार,अरविंद सिंह,मोहन सिंह,सोनू सिंह मुन्ना,पुष्पेंद्र तिवारी,मोहम्मद अख्तर, दारा सिंह,सुजीत दुबे सहित क ई अन्य भी थे।

## सुरक्षित गर्भ समापन प्रशिक्षण का मातृ मृत्यु दर को कम करना इसका मुख्य उद्देश्य : क्षेत्रीय अपर निदेशक



**दैनिक खोज खबर/छपरा(सारण)।**सुरक्षित गर्भपात को सुदृढ़ करने तथा जनसमुदाय में जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों व ग्रामीण स्तर की महिला कार्यकर्ताओं को एमटीपी एक्ट से संबंधित प्रशिक्षण देकर उनका क्षमतावर्धन किया जा रहा है। इसी को लेकर क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (आरपीएमयू) के द्वारा आईपास के सहयोग से सदर परिसर स्थित सभागार में सुरक्षित गर्भ समापन को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई की ओर से आरपीएम प्रशांत कुमार, लेखा प्रबंधक विजय कुमार राम, क्षेत्रीय मूल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारी शादान रहमान, क्षेत्रीय आशा समन्वयक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्रीय बायो मेडिकल इंजीनियर साबित्री पंडित, अकाउंटेंट निहारिका कुमारी, आई पास के क्षेत्रीय समन्वयक श्याम कुमार, कार्यालय सहायक मनोज कुमार, आरपीएमयू कर्मी अंकूर कुमार और रंजय सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

**एमटीपी एक्ट- 1971 के प्रावधानों के अनुसार गर्भ समापन कई शर्तों के साथ माना गया वैध** -मुख्य प्रशिक्षक के द्वारा बताया गया कि वर्ष 1971 से पूर्व किसी भी प्रकार का गर्भ समापन अवैध माना जाता था। दरअसल गर्भ समापन में बहुत ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जिस कारण घरेलू उपायों से गर्भ समापन करने की प्रक्रिया में महिलाओं की मृत्यु तक हो जाती थी। जिसको रोकने के लिए वर्ष 1971 में एमटीपी एक्ट बना। इसके बाद से सुरक्षित गर्भ समापन की प्रक्रिया शुरू हुई। अज्ञानता के कारण तथा सरकारी अस्पतालों में सुविधा नहीं होने के कारण गर्भवती महिलाओं की मृत्यु दर में कमी नहीं हो रही थी। एमटीपी एक्ट- 1971 के प्रावधानों के अनुसार गर्भ समापन कई शर्तों के साथ वैध माना गया है। लेकिन इससे भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा था। इसलिए एमटीपी एक्ट में संशोधन किया गया। जिसमें 20 से लेकर 24 सप्ताह तक के गर्भ को नियम संगत शर्तों के अनुसार समापन कराया जा सकता है।

**आई पास के सहयोग से एमटीपी एक्ट को लेकर प्रशिक्षण आयोजित** -इस संबंध में क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक (आरपीएम) प्रशांत कुमार ने बताया की सारण प्रमंडल अंतर्गत चार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी को सदर अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ भारती सिंह एवं रक्त अधिकोष केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ किरण ओझा के द्वारा संयुक्त रूप से चिकित्सीय गर्भपात सेवा से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त पांचों चिकित्सा पदाधिकारियों को चिकित्सीय विधि से गर्भ समापन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आईपास के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। ताकि प्रशिक्षित सेवा प्रदाता 09 सप्ताह के गर्भ का कुछ शर्तों के अनुसार चिकित्सीय विधि के द्वारा गर्भ समापन कर सकें।

## विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** स्थानीय विधायक डा. करिश्मा राय ने बुधवार को परसा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। विधायक के अचानक अस्पताल पहुंचने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान होस्पिटल में साफ सफाई नही पाए जाने व बेड पर चादर नही पाए जाने पर भड़क गई। और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से सफाई संवेदक का न. लेकर दूरभाष पर यथाशीघ्र साफ सफाई हेतु स्टाफ बढ़ाकर साफ सफाई कराने का दिशा निर्देश दिया । अस्पताल के एक्सरे टेक्नीशियन बिना सूचना के अनुपस्थित पाई गई। वही स्थानीय लोगो मे पूर्व मुखिया महेश राय, राज किशोर राय,देवीलाल राय, हरेश्वर राय,नीतीश कुमार,संजय कुमार राय,रंजीत कुमार राय,अजय राय,कामता राय,राहुल कुमार,राजेश्वर सहनी सहित दर्जनों लोगों द्वारा होस्पिटल में चिकित्सकों की ड्यूटी में लापरवाही की शिकायत पर विधायक डा करिश्मा राय ने प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डा सुमन कुमार,व स्वास्थ्य प्रबंधक पासवान को



फटकार लगाते हुए अपने ड्यूटी के प्रति सजग रहने का निर्देश दिया । तत्काल संबंधित डॉक्टर को बुलवाकर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि डॉक्टरों को हर समय मरीजों के बीच रहना चाहिए और बिना अनुमति ड्यूटी स्थल छोड़ना गंभीर लापरवाही है।इसके बाद विधायक ने उपस्थिति पंजी ,दवा वितरण पंजी की बारीकी से जांच की और डॉक्टरों की उपस्थिति का सत्यापन किया। उन्होंने एक्स-रे रूम, जांच घर सहित विभिन्न वार्डों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने डा .वंदना कुमारी ,डा से चिकित्सीय डयूटी के दौरान किसी तरह की शिकायत के बारे में पूछताछ की। जिसपर उनलोगों ने संतोषप्रद बात बताई। मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और इलाज की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों की कमी को स्वीकार करते हुए बताया कि इस मुद्दे को लेकर पटना में विधानसभा सत्र के दौरान स्वास्थ्य मंत्री से अतिरिक्त डॉक्टरों की मांग की जाएगी। विधायक ने सख्त निर्देश दिया कि अस्पताल में किसी भी मरीज से एक रुपया भी नहीं लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरों पर कार्रवाई होगी और आगे भी नियमित रूप से औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

## हर बच्चा-श्रेष्ठ बच्चा थीम पर प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखंड के बलेसरा पंचायत अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बनियापुर के प्रांगण में बुधवार को हर बच्चा-श्रेष्ठ बच्चा थीम पर शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह शिक्षक नेता उदयशंकर गुड्डू ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के शैक्षणिक विकास को गति देना, शिक्षक-अभिभावक समन्वय को सुदृढ़ करना, घर पर भी बच्चों के लिए सीखने का अनुकूल वातावरण तैयार करना तथा प्रत्येक बच्चे की सीखने की क्षमता को बढ़ाना रहा। इसके साथ ही अभिभावकों को सकारात्मक संवाद के माध्यम से सशक्त करने एवं बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण के प्रति जागरूक करने पर भी विशेष चर्चा की गई। बैठक में माता समिति की सदस्य निभा देवी, संजू देवी, पुष्पा देवी, राजलक्ष्मी देवी, लालमति देवी,



प्रीति देवी, उमरावती देवी सहित सुरेश प्रसाद, त्रिलोकी कुमार, रामजी प्रसाद व अन्य अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सहायक शिक्षक अरविंद कुमार सिंह ने किया। संगोष्ठी के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी दी गई, जिस पर उपस्थित अभिभावकों ने संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग का आश्वासन दिया।

## सामान खरीद रहीं महिला के बैग से पर्स समेत अन्य कागजात गायब

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक स्टेशन रोड से किराने की दुकान पर सामान खरीद रहीं महिला के झोले से पर्स और अन्य कागजात गायब करने का मामला सामने आया। हालांकि महिला ने पीछे से झोले से सामान निकाल रहें बच्चे को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित पानापुर बाजार निवासी मुरेन नजर पति अनवर हुसैन ने बताया कि वह किराने की दुकान सामान खरीद रहीं थीं उसी दौरान पीछे से उसके झोले से पर्स जिसमें 5 हजार रुपए और पीला रंग के प्लास्टिक में रखें आधार, एटीएम कार्ड,नाक का नथिया दो पीस निकाल लिया गया,उसी दौरान उसने एक लड़की और एक बच्चे को पकड़ लिया तब वह बगल में खड़ी लड़की को सौंप दिया और उसने तेजी दिखाते हुए ऑटो में किसी शख्स को दे दिया और वह घटनास्थल से फरार हो गई। उसी दौरान पकड़ी गयी लड़की ने सामान लाने का बोल बच्चे को उसके हवाले छोड़ फरार हो गयी। मौके पर थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# सांसद रुडी व जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में समग्र विकास की रूपरेखा निर्धारित

- **सड़क, बिजली, गैस, जलनिकासी, वन, शिक्षा, स्वास्थ्य व कानून-व्यवस्था पर विस्तृत विमर्श**
- **पथ निर्माण, अतिक्रमण हटाने और आरओडब्लू निर्धारण पर दिशा-निर्देश**
- **छपरा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जलजमाव से मुक्ति पर विशेष जोर**

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** वुधवार को विकास को दिशा देने वाली दृष्टि, प्रशासन को जवाबदेह बनाने का संकल्प और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता के मूल मंत्रों के साथ सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी ने एक बार फिर जिले के विकास को नई गति देने की पहल की।सारण जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के साथ सांसद राजीव प्रताप रुडी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, छपरा में दो घंटे से अधिक समय तक चली उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला प्रशासन के साथ-साथ राज्य और केंद्र से जुड़ी विभिन्न एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक में पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, ऊर्जा विभाग, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन, बुडको, एनएचएआई, मोर्थ, वन प्रमंडल, नगर निकाय, पुलिस प्रशासन, पुल निर्माण निगम सहित लगभग सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों की पारदर्शी निगरानी, समयबद्ध क्रियान्वयन और जनसुविधाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से उतारना रहा। सांसद रुडी ने आरसीडी और आरडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली सड़कों के आरओडबल्यू निर्धारण, सीमांकन, फेज-वाइज टाइमलाइन और मासिक अनुश्रवण के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों पर अनावश्यक ब्रेकर, अतिक्रमण और बिना अनुमति समानांतर खुदाई को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रत्येक 15 दिन में अतिक्रमण हटाने की समीक्षा और कार्रवाई रिपोर्ट अनिवार्य की गई। सांसद द्वारा बैठक में बिजली विभाग को खुले तार हटाकर कवर वायर लगाने, क्षतिग्रस्त पोल बदलने, ट्रांसफॉर्मर की पर्याप्त उपलब्धता और कृषि फीडर के पूर्ण विद्युतीकरण पर स्पष्ट निर्देश दिए गए। छपरा शहर और आसपास की पंचायतों में जलजमाव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नालों, पईन और जलनिकासी मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने तथा बाधारहित जलनिकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। नगर निगम को सभी गली-नाली अतिक्रमण मुक्त कर सुगम यातायात और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए मासिक समीक्षा योजना बनाने के निर्देश दिए गए। वन विभाग को पेड़ों का नंबरीकरण, नए पौधारोपण और पार्कों के रखरखाव की योजना प्रस्तुत करने को कहा गया। अमनौर इंटर विद्यालय के मैदान की मापी कराकर निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ करने, एनएच अतिक्रमण, गरखा रोड भूमि परिवर्तन, ट्रक परिचालन प्रतिबंध और दुर्घटना आंकड़ों पर भी विस्तार से विमर्श हुआ। सांसद रुडी ने स्पष्ट कहा कि ÷विकास कार्य केवल कागज़ों पर नहीं, जमीन पर दिखना चाहिए। जवाबदेही, समयबद्धता और गुणवत्ता, इन तीनों से कोई समझौता नहीं होगा।÷



## राम जानकी पथ निर्माण में भूमी अधिग्रहण को लगा कैम्प



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)**। मशरक थाना क्षेत्र से गुजर रही एन एच 227 ए राम जानकी पथ के निर्माण कार्य में भूमी अधिग्रहण में तेजी लाने और रैयतों को मुवाअजा लेने में हो रहीं दिक्कतों को देखते हुए डीएम के आदेशानुसार कैम्प का आयोजन किया जाएगा। सीओ सुमंत कुमार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूमी अधिग्रहण में मुवाअजे के कागजात के लिए बुनियादी विद्यालय बनसोही में कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में पहुंचे ग्रामीणों ने सम्बंधित अधिकारियों से मिली और समाधान कराया। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि 26 दिसम्बर को भी शिव मंदिर दुमदुमा के पास मध्य विद्यालय परिसर में कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कैम्प में सुबह 10 बजें से शाम 4 बजें तक राम जानकी निर्माण से जुड़े और भू अर्जन से जुड़े सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि जिन जिन की जमीन राम जानकी पथ निर्माण में अधिग्रहण की जा रही है वे उक्त समय से आवश्यक कागजात के साथ शिविर में पहुंचे और शिविर का लाभ उठाएं और यदि किसी भी तरह की असुविधा होती है तों उनसे सम्पर्क करें।

### 24 घंटे के विशेष अभियान में 27 गिरफ्तार

**सिवान**। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 27 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 27 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु बुधवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 27 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान वारंट के कांड में एक, शराब के कांड में छह, आर्म्स एक्ट के कांड में एक, हत्या के कांड में दो, हत्या का प्रयास के कांड में पांच व विविध के कांड में 12 गिरफ्तारी की गई। वहीं 26 लीटर देशी शराब व एक लीटर विदेसी शराब जब्त किया गया। जबकि 70 वारंट व पांच कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से 55 हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई।

### 25 मामलों की एसपी ने की सुनवाई

**सिवान**। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग द्वारा समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय प्रकोष्ठ में बुधवार को जनता दरबार लगाया गया। एसपी ने आए लोगों की फरियादें सुनीं। इस दौरान मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। उन्होंने एक-एक कर जनता दरबार में आए कुल 25 फरियादियों की फरियाद सुनी। एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक क्रियार्थ हेतु संबंधित थाना अध्यक्ष को आदेशित किया गया।

### अलग-अलग जगहों से शराब बरामद, तीन वाहन जब्त

**सिवान**। उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर धनौती थाना क्षेत्र के धनौती मोड़, मैरवा थाना क्षेत्र के मैरवा नहर व जीआरपी थाना क्षेत्र के जंक्शन से शराब बरामद किया गया। हालांकि शराब तस्कर फरार होने में सफल रहे। वहीं शराब लदे तीन वाहन को भी जब्त किया है। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि टीम द्वारा मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर पहली छापेमारी धनौती थाना क्षेत्र के धनौती मोड़ के समीप की गई। जहां से सअनि विरेंद्र कुमार ने एक कार से 144.000 लीटर शराब बरामद किया गया। हालांकि चालक गाड़ी छोड़कर घटनास्थल से भागने में सफल रहा। जिसकी खोज की जा रही है। बताया कि दूसरी छापेमारी मैरवा थाना क्षेत्र के मैरवा नहर के समीप में की गई थी जहां सअनि सत्येंद्र कुमार राय ने दो बाइक से क्रमश 72.000 लीटर व 99.000 लीटर देसी शराब को बरामद किया गया। हालांकि दोनों वाहनों के चालक भागने में सफल रहे। जिनकी खोज की जा रही है। बताया कि तीसरी छापेमारी जीआरपी थाना क्षेत्र के जंक्शन पर की गई थी, जहां सदर थानाध्यक्ष सह निरीक्षक मद्यनिषेध रूपेश कुमार द्वारा एक बोरे से 12.000 लीटर व एक बैग से 36.000 लीटर शराब लावारिस हालत में बरामद हुआ।

### जिला पंचायती राज पदाधिकारी के स्कार्पियों ने वृद्ध को मारी टक्कर, रेफर

**परवेज अख्तर/सिवान**। जीरादेई थाना क्षेत्र के नरेंद्रपुर गांव के पास मंगलवार की शाम जिला पंचायती राज पदाधिकारी बालेंदु नारायण पांडेय की सरकारी वाहन ने एक वृद्ध को धक्का मार दिया। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान नरेंद्रपुर गांव निवासी मोतीचंद साह के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मोतीचंद साह गांव में किराना दुकान चलाते हैं। वे अपनी पोती को घर छोड़कर दुकान लौट रहे थे, तभी गांव के मोड़ पर संकरी गली में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद नजदीक में क्रिकेट खेल रहे युवक मौके पर पहुंचे और गाड़ी को चालक सहित पकड़ लिया। गाड़ी में जिला पंचायती राज पदाधिकारी मौजूद थे। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पदाधिकारी ने घायल का इलाज कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने पटना रेफर कर दिया। मामले में जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि मेरी गाड़ी से सड़क दुर्घटना हुई थी।

### परिचालनिक कारणों से कई सवारी गाड़ी निरस्त

**सिवान**। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक कारणों से कुछ गाड़ियों का निरस्तीकरण किया गया है। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि निरस्तीकरण में गाड़ी संख्या 55041 सिवान-गोरखपुर कैंट सवारी गाड़ी 26 दिसंबर से एक फरवरी 2026 तक निरस्त रहेगी।
वहीं गाड़ी संख्या 55042 गोरखपुर कैंट-सिवान सवारी गाड़ी 25 दिसंबर से 31 जरवरी 2026 तक निरस्त रहेगी। जबकि गाड़ी संख्या 55122 सिवान-समस्तीपुर सवारी गाड़ी 26 दिसंबर से एक फरवरी 2026 तक निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 55121 समस्तीपुर-सिवान सवारी गाड़ी 26 दिसंबर से एक फरवरी 2026 तक निरस्त रहेगी। बताया कि गाड़ी संख्या 55056 गोरखपुर - छपरा सवारी गाड़ी 25 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक निरस्त है। गाड़ी संख्या 55055 छपरा-गोरखपुर सवाड़ी गाड़ी 25 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक निरस्त रहेगी।

# सीवान: बांग्लादेश में युवक की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

**परवेज अख्तर/सिवान**। बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की हत्या के विरोध में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने शहर के गांधी मैदान से आक्रोश रैली निकाली। रैली शहर के अस्पताल रोड से बबुनिया मोड़ के रास्ते थाना मोड़ होते हुए जेपी चौक पहुंची। जेपी चौक पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेशी कट्टरपंथियों व जिहादी मानसिकता का पुतला दहन किया और नारेबाजी की गई। इस दौरान कार्यकर्ता जय श्रीराम और बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो के नारे लगा रहे थे। इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक जन्मेजय कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही घटनाएं मानवता पर धब्बा हैं। दीपू चंद्र दास की हत्या ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों की चुप्पी समझ से परे है। विश्व हिंदू परिषद भारत सरकार से आग्रह करता है कि वह बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव कूटनीतिक, राजनीतिक और मानवीय उपाय करे। आलोक कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में कानून के शासन के पूर्ण और जानबूझकर हुए पतन तथा राज्य की गंभीर जिम्मेदारी से पलायन को दर्शाता है। कहा कि बांग्लादेश इस समय अनिश्चितता, अराजकता और कानून विहीनता के गंभीर दौर से गुजर रहा है। इस दौरान विमर्श प्रमुख रितेश सिंह, विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री परमेश्वर, जिला संयोजक रंजन सिंह, विहिप सह मंत्री सुधाकर, नगर संयोजक धनंजय कुमार, प्रमोद सिंह, आदि शामिल थे।

## होमगार्ड जवानों को कमांडो फोर्स व विशेष बटालियन बनाने की दी जाएगी ट्रेनिंग

**सिवान**। होमगार्ड के जवानों को कमांडो फोर्स और विशेष बटालियन बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। । ट्रेनिंग प्राप्त करने के उपरांत जवान को सीआरपी की तरह ड्यूटी पर लगाया जाएगा। जानकारी के अनुसार इसके लिए जवानों को निर्धारित मानदेय से 30 प्रतिशत जयादा भत्ता दिया जाएगा। जवानों को बाहर भेजा जाएगा। अभी इसके लिए ड्यूटी वाले स्थानों का चयन विभाग के द्वारा नहीं किया गया है। यह अभी प्रक्रिया में है। विभाग / सरकार से संस्थान का चयन कर निर्देश मिलने के बाद जल्द ही ट्रेनिंग के लिए जवानों का चयन कर उनको भेज दिया जाएगा। होमगार्ड के जवानों के लिए बहुत ही अच्छी पहल है। कमांडों फोर्स और विशेष बटालियन की ट्रेनिंग प्राप्त करने के बाद होमगार्ड के जवान भी अपने आप को गौरवान्वित महसूस करेंगे। होमगार्ड जवानों को अन्य पुलिस व फोर्स के समान उन्हें भी ड्यूटी करने का मौका मिलेगा। जवानों के अंदर भी समानता की भावना जागेगी। जिससे होमगार्ड के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करेंगे। वर्तमान में होमगार्ड के जवानों की ड्यूटी बैंक, पुलिस थाना, चुनाव कार्य और यातायात के सही रूप से संचालन के लिए लगाया जाता है। आपात स्थिति में जिला पुलिस के सहयोग के लिए होमगार्ड के जवानों को भेजा जाता है। छापेमारी में भी जरूरत पड़ने पर होमगार्ड जवानों की ड्यूटी होती है। इस संबंध में बिहार गृह रक्षा वाहिनी के जिला समादेष्टा अविनाश कुमार ने बताया कि होमगार्ड जवानों को कमांडो फोर्स व विशेष बटालियन की ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसकी घोषणा पटना से की गई है। इसका पत्र आते ही जवानों की चयन प्रकिया शुरू की जाएगी।

## थानाध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं संग की जागरुता बैठक

**बसंतपुर (सिवान)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में बुधवार को थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुई। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से कहा कि हाल के दिनों में साइबर अपराधों के अलावा अन्य कई घटनाएं हो रही है। इसमें समाज की भूमिका सर्वोपरि हो जाती है। आप सभी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा सकता है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी गलत कार्य में संलिप्त व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा। उस पर कार्रवाई होना निश्चित है। साइबर अपराध का जिक्र करते हुए कहा गया कि अपराधी लोगों के भोलेपन का फायदा उठाकर उनके साथ ठगी कर लेते हैं। अगर उन्हें जागरूक किया गया तो वे ठगी के शिकार ही नहीं होंगे। वहीं ठगी हो जाने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देकर राहत की उम्मीद कर सकते हैं। जनप्रतिनिधियों ने अपनी भी समस्याओं को उठाया। थानाध्यक्ष ने समाधान का आश्वासन दिया।जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने थानाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि वे अपने स्तर से लोगों को साइबर अपराध से बचने के उपायों के बारे में जागरूक करेंगे। इस मौके पर नगर पंचायत के चेयरमैन अमित कुमार, अरुण सिंह, वार्ड पार्षद संजय कुमार, पवन सिंह, वीरेश राम आदि उपस्थित थे।

## कोहरे के कारण दर्जनों ट्रेनें कई घंटे लेट

**सिवान**। घने कोहरे का असर रेल परिचालन पर भी साफ नजर आ रहा है। जंक्शन से गुजरने वाली करीब एक दर्जन से अधिक ट्रेनें बुधवार को विलंब से चलीं। इनमें वैशाली एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों एक घंटे से दस घंटे तक लेट रही हैं। ट्रेनों के लेट होने के कारण गाड़ियों के इंतजार में यात्रियों को जंक्शन पर घंटों ठिठुरना पड़ा। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामान करना पड़ा। बुधवार को 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल सात घंटे 20 मिनट, 15566 वैशाली एक्सप्रेस चार घंटे 38 मिनट, 12566 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस चार घंटे दस मिनट, 55102 मऊ-छपरा कचहरी पैसेंजर (अनारक्षित) सात घंटे 50 मिनट, 15909 अवध असम एक्सप्रेस एक घंटे, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल एक घंटे 30 मिनट, 55056 गोरखपुर-छपरा पैसेंजर एक घंटे, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन हमसफर स्पेशल 10 घंटे 50 मिनट, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन हमसफर स्पेशल 9 घंटे 48 मिनट, 15077 कामाख्या-गोमती नगर एक्सप्रेस दो घंटे 58 मिनट, 14673 शहीद एक्सप्रेस दो घंटे 36 मिनट, 13019 बाघ एक्सप्रेस एक घंटे, 14674 शहीद एक्सप्रेस एक घंटे 48 मिनट, 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस चार घंटे 50 मिनट के लेट से सिवान जंक्शन पहुंची।

## सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतीक मौलाना मजहरुल हक की जयंती पर कार्यक्रम

**बसंतपुर (सिवान)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित एक शैक्षणिक संस्थान परिसर में मंगलवार की शाम स्वतंत्रता सेनानी मौलाना मजहरुल हक की 159वीं जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत एवं आज का समय विषय पर संगोष्ठी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में अभी कुमारी को प्रथम, रोहित कुमार को द्वितीय व मुस्कान कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर डायरी व पौधा देकर सम्मानित किया गया। साहित्यकार व जेड ए इस्लामिया पीजी कालेज के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा. हारुण शैलेंद्र ने मौलाना मजहरुल हक के जीवन से जुड़ी बातों को साझा किया। पत्रकार के रूप में उनके निडरता की चर्चा की व इसे अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रभूषण यादव ने की। कालेज के सचिव प्रो. उपेंद्रनाथ यादव द्वारा अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रो. भरत प्रसाद, वकील राय, शिववचन राय, विनय कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

## तरवारा: फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान**।जीबी नगर थाना क्षेत्र के गोहपुर गांव में फायरिंग कर लोगों में दहशत फैलाने वाला बदमाश को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। गिरफ्तार बदमाश जीबी नगर थाना क्षेत्र के गोहपुर निवासी प्रिंस कुमार सिंह है। उसके पास से पुलिस ने एक कट्टा, दो गोली, चार खोखा व एक बाइक को बरामद किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मंगलवार को जीबी नगर थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोहपुर निवासी प्रिंस कुमार सिंह अपने गांव में देसी कट्टा लेकर घूम रहा है एवं फायरिंग कर लोगों को डरा-धमका रहा है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जीबी नगर थाना पुलिस टीम द्वारा ग्राम गोहपुर स्थित अभियुक्त के घर छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में अभियुक्त के घर से एक देसी कट्टा, दो गोली एवं चार खोखा बरामद किया गया। इसी क्रम में पुनः सूचना मिली कि अभियुक्त मोटरसाइकिल से सिवान जंक्शन पहुंचकर फरार होने की फिराक में है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा सिवान जंक्शन पर छापेमारी कर अभियुक्त प्रिंस कुमार सिंह को मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

### ट्रेन से लावारिस हालत में शराब बरामद

**सिवान**- ट्रेन से लावारिस हालत में आरपीएफ ने एक बैग व दो बोरे से शराब को बरामद किया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि बुधवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशानुसार ट्रेन एस्कार्ट कंपनी गोरखपुर व द्वारा जीरादेई-सिवान के मध्य गाड़ी संख्या 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस के सामान्य कोच में अपराधिक गतिविधि निगरानी कर रही थी। इस दौरान लावारिस हालत में एक बैग व दो प्लास्टिक बोरी बरामद हुआ। जांच के दौरान 204 बोतल शराब बरामद हुई। जिसकी कीमत 13 हजार पांच सौ रुपया है। जिसे अग्रिम कार्रवाई हेतु उत्पाद विभाग सदर के सुपुर्द किया गया।

### अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी में बच्चों के शिक्षा पर चर्चा

**आंदर(सिवान)**। शिक्षा विभाग बिहार सरकार प्रा. शिक्षा निदेशालय के व्यापक 4528 दिनांक 19-12-2025 के आलोक में प्रखंड के उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय रकौली परिसर में प्रभारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में प्रत्येक बच्चे की सीखने की क्षमता और प्रगति की पहचान एवं सराहना करना, अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा सक्रिय सहभागी बनाना, बच्चों में विश्वास का विकास तथा सीखने के लिए सकारात्मक, समावेशी वातावरण का निर्माण सुनिश्चित करना समेत आदि चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षक धर्मवीर सिंह, रंजू कुमारी, प्रीति कुमारी, पुष्पा कुमारी, विमलेश कुमार यादव, कुमारी नीलम गुप्ता समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

### आग लगने से सामान जल कर राख, मची अफरातफरी

**सिवान**। चैनपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ पंचायत के वीरती गांव में मंगलवार की देर शाम गैस सिलेंडर लीक होने से अचानक आग लग गई। स्थानीय निवासी उपेंद्र महतो के घर में घटी इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। अफरातफरी मच गई। आग इतनी तेजी फैली कि घर में रखा सारा सामान और अनाज चंद मिनटों में जलकर राख हो गया। संयोग रहा कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। आग लगते ही घर वालों ने तुरंत बालू, मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। इस बीच दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समाचार प्रेषण तक जले सामानों का आंकलन किया जा रहा है।

### 11588 रुपये के विद्युत चोरी में प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)**। थाना क्षेत्र के गोपालपुर में कनीय अभियंता इंद्रजीत सिंह ने थाना में एक व्यक्ति पर चोरी से बिजली जलाने की प्राथमिकी कराई है। आरोपित पर 11588 रुपये नुकसान होने का आरोप लगाया गया है। ज्ञात हो कि कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सिवान के आदेशानुसार 18 दिसंबर को गोपालपुर निवासी मोख्तार अहमद के घर पर कनीय अभियंता इंद्रजीत सिंह ने दलबल के साथ छापेमारी की। इस दौरान पाया कि उपभोक्ता द्वारा अवैध तरीके से बिजली चोरी की जा रही है, जिससे बिजली कंपनी को 11588 रुपये हानि हुई है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

